# घासा और वल्लभनगर में दो इंच बारिश

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर शहर में शनिवार सवेरे से कई इलाकों में सुबह से बूंदाबांदी हुई तो कुछ जगह पर हल्की फुहारे गिरी जिससे सडकें गीली हो गई। सुबह से आसमान में बादल छाए हुए है। मौसम विभाग ने आज येला अलर्ट जारी किया है। सुबह आठ बजे तक पिछले चौबीस घंटे में उदयपुर जिले में बागोलिया बांध पर सर्वाधिक तीन इंच बारिश दर्ज की गई तो मावली और घासा में भी अच्छी बारिश हुई है।

शनिवार सुबह से उदयपुर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में आसमान में बादल छाए हुए है। सुबह करीब सात बजे पहले कई जगह पर शहर में हल्की बूंदाबांदी हुई और कुछ जगह फुहारे गिरी। सिंचाई और जिला बाढ कंट्रोल रूम के अनुसार मावली के बागोलिया बांध पर 3 इंच, मावली और घासा तहसील मुख्यालय पर दो.दो इंच, वल्लभनगर बांध पर 1 इंच और कानोड तहसील मुख्यालय पर एक इंच बारिश दर्ज की गई।उदयपुर जिले अब तक जिले में 197.7 मिलीमीटर बारिश हुई जबकि 248. मिलीमीटर बारिश होनी थी, इसके हिसाब से अब तक 21 मिलीमीटर कम बारिश हुई है। बारिश कम होने से अभी उदयपुर के प्रमुख जलाशयों में पानी की आवक शुरू नहीं हुई है। इधर, मौसम केंद्र जयपुर ने उदयपुर, राजसमंद, बांसवाडा, डूंगरपुर, चित्तौडगढ और प्रतापगढ जिले में येलो अलर्ट जारी किया है। केंद्र के अनुसार अगले 4.5 दिन मानसून एक्टिव रहेगा और सबसे ज्यादा प्रभाव उदयपुर संभाग पर रहेगा। इस उदयपुर संभाग में कहीं.कहीं भारी व एक दो स्थानों पर अतिभारी बारिश होने की संभावना है।

# कार पर पथराव करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** दोवडा थाना पुलिस ने वाहनों पर पथराव करने वाले 2 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने खेमपुर गांव के पास लूट के इरादे से एक कार पर पथराव किया था। पकडा गया एक आरोपी मोहन आदतन अपराधी है,जिस पर 6 प्रकरण दर्ज हैं।

दोवडा थानाधिकारी ने बताया कि अमृतलाल पुत्र पूंजीलाल मेघवाल निवासी भबराना थाना झल्लारा जिला सलूंबर ने रिपोर्ट में बताया कि 24 जुलाई को शाम के समय वह अपने परिवार के साथ कार लेकर अहमदाबाद जा रहा था। गणेशपुर के पास उसने देखा कि कार के पीछे पावर बाइक पर 2 बदमाश हाथों में पत्थर लेकर पीछा कर रहे हैं। खेमपुर के पास बदमाशों ने पावर बाइक आडे लगाकर लूट की नियत से कार पर पत्थर माराए जिससे कार के ड्राइवर साइड का कांच टूट गया। पत्थर पीठ ओर कंधे पर लगा। इसके बाद वे जान बचाकर भाग गए। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपियों को पकडने अलग.अलग टीम बनाते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी मोहन पुत्र जयंतीलाल कलासुआ मीणा निवासी करेलिया फला गेपुला, दिलीप पुत्र मणिलाल कलासुआ निवासी करेलिया को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में दोनो ही आरोपियों ने वारदात भी कबूल कर ली है। आरोपी मोहन के खिलाफ आसपुर ओर दोवडा थाने में चोरी के कई केस दर्ज हैं। वहीं, 15 दिन पहले ही वह जेल से बाहर आया था। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

इसी प्रकार कोतवाली थाना पुलिस ने कमरे में हिडन कैमरा लगाकर अश्लील फोटो खींचकर ब्लैकमेल करने वाले होटल कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। कोतवाली थानाधिकारी ने बताया कि 16 जुलाई को एक युवक ने रिपोर्ट में बताया कि एक युवक उसके और उसकी मंगेतर के आपत्तिजनक फोटो और वीडियो भेजकर उसे ब्लैकमेल कर रहा है। युवक ने ये भी बताया कि 6 जुलाई को वह शहर के एक होटल में किराए का कमरा लेकर मंगेतर के साथ ठहरा था। इस दौरान आरोपी ने होटल के कमरे में हिडन कैमरा लगाकर उसके आपत्तिजनक फोटो और वीडियो ले लिए। इसके बाद आरोपी उसे ब्लैकमेल कर उससे 5० हजार रुपए की मांग कर रहा है। वहीं, रुपए नहीं देने पर उसे फोटो ओर वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा है।

# धोखे से नकदी हड़पी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के धानमण्डी थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पीडित से ली उधार की नकदी हडपने का मामला दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार जेठूसिंह पुत्र रोड़सिंह निवासी शांतिनगर आकाश कॉम्प्लेक्स हाल हाथीपोल खटीकवाड़ा ने आरोपी नाथूसिह पुत्र जयसिंह निवासी जोधपुर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया।


**कार्यालय नगरपालिका फतहनगर सनवाड़ जिला उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक:- न.पा.फ.स./90-ए/2023-24/641 दिनांक:- 26.7.24

-: लोक सूचना :-

(1) श्रीमती डॉ. सीमा श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रेमशंकर जी श्रीवास्तव विासी- 1-जे-16, प्रतापनगर हाउसिंग बोर्ड चित्तौड़गढ़ जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.) (2) श्री भारत सिंह चुण्डावत पुत्र श्री तेज सिंह जी चुण्डावत निवासी- बड का अमराणा, समरी, चित्तौड़गढ़ जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.), (3) श्री मनोज नागोरी पुत्र श्री पारसमल जी नागोरी निवासी- 15- नेहरू नगर, सेंथि, चित्तौड़गढ़ जिला चित्तौड़गढ़ (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक (आवासीय प्रयोजनार्थ) हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया हैं अर्थात् :-

| जिले सहित तहसील तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| मावली, जिला उदयपुर (राज.) | राजस्व ग्राम सनवाड पटवार हल्का सनवाड | 1139 | रकबा 0.5261 हैक्टेयर |
| कुल किता- 01 | | | यानि 56608.36 वर्गफीट यानि 6289.61 वर्गगजयानि5261 वर्गमीटर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ...... को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी, नगरपालिका फतहनगर सनवाड


# उदयपुर में बोलेरा ने चार चचेरे भाईयों को कुचला

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर में हाईवे के किनारे पर खडे होकर बात कर रहे 4 चचेरे भाइयों को तेज रफ्तार बोलेरो ने कुचल दिया। दो भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो भाइयों ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चारों भाई काम के लिए अहमदाबाद जा रहे थे। बाइक पर जा रहे 2 भाइयों को रास्ते में उनको सूचना मिली कि अहमदाबाद में भारी बारिश हो रही है, ऐसे में चार 5 दिन यहां पर काम मिलना मुश्किल है। इस पर वह एक होटल के सामने रुक गए और पीछे आ रहे 2 भाइयों का इंतजार करने लगे।जब चारों भाई मिले तो हाईवे किनारे ही खडे होकर बात करने लगे। इस दौरान आई एक तेज रफ्तार बोलेरो ने उनको कुचल दिया। घटना ऋषभदेव थाना इलाके में उदयपुर-अहमदाबाद नेशनल हाईवे-48 की है।

हादसे में दो भाइयों की मौके पर मौत हो गई जबकि दो ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड दिया। हेड कॉन्स्टेबल सुखलाल ने बताया। परसाद कस्बे के पास चणावदा गांव निवासी 4 चचेरे भाई शुक्रवार रात 10.30० बजे बालाजी होटल के पास खडे थे। इस दौरान आई एक तेज रफ्तार बोलेरो ने उनको टक्कर मार दी। हादसे में जालम (25) पुत्र शंकर मीणा और अशोक कुमार (20)पुत्र मांगीलाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि विनोद (20) पुत्र लक्ष्मण मीणा और राजू (22) पुत्र लालू मीणा घायल हो गए। दोनों घायलों को गंभीर हालत में उदयपुर के एमबी अस्पताल रेफर किया गया थाए जहां इलाज के दौरान सुबह उन्होंने दम तोड दिया। दोनों शव मॉर्च्यूरी में रखवाया। परिजनों के आने के बाद पोस्टमॉर्टम करवाकर शव उनको सौंप दिए। वहीं जालम और अशोक के शव का ऋषभदेव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमॉर्टम किया गया।

## छात्र का अपहरण

**डूंगरपुर, (निसं)।** बिछीवाडा थाना क्षेत्र में 9वीं कक्षा में पढने वाले एक स्टूडेंट का बदमाश अपहरण कर ले गए। बदमाशों ने स्टूडेंट के साथ मारपीट की। इसके बाद बदमाश उसे छोडकर भाग गए। गंभीर हालत में वह घर पहुंचा और परिवार के लोगों को आपबीती बताई। स्टूडेंट को डूंगरपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। स्टूडेंट ने 1० युवकों पर अपहरण कर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

बिछीवाडा थानाधिकारी कैलाश सोनी ने बताया कि सेरवाडा गांव के रहने वाले एक स्टूडेंट के साथ मारपीट का मामला आया है। एएसआई नरसिंह ने बताया कि कांतिलाल वरहात ने रिपोर्ट दी है। इसमें बताया कि उसका बेटा विपुल गांव के ही सरकारी स्कूल में 9वीं कक्षा में पढाई करता है।

# सत्येन्द्र शर्मा को समाज सेतु अलंकरण से नवाजा

**उदयपुर, (कासं)।** जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विवि उदयपुर की ओर से शनिवार को प्रतापनगर स्थित कुलपति सचिवालय में राष्ट्र उत्थान, सैनिक प्रशिक्षण एवं देश सेवा में अपना अतुलनीय योगदान देने के लिए कुपलति कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, कुल प्रमुख भंवर लाल गुर्जर, रजिस्ट्रार डॉ. तरूण श्रीमाली, पीठ स्थविर डॉ. कौशल नागदा, डॉ. पारस जैन, डॉ. युवराज सिंहने उपमहानिदेशक, एनसीसी निदेशालय राजस्थान के एयर कमोडोर सत्येन्द्र शर्मा को समाज सेतु अलंकरण से नवाजा, जिसमें उन्हे उपरणा, पगडी, स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र दिया गया। कुलपति प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि संस्थापक जनुभाई ने आजादी के 10 वर्ष पूर्व 1937 में विद्यापीठ की स्थापना की। उनका मानना था कि देश, समाज को उंचाई पर ले जाने वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहित कर सम्मान करना हमारी जिम्मेदारी है। प्रो. सारंगदेवोत ने एयर कमोडोर सत्येन्द्र शर्मा का प्रशस्ति पत्र वाचन कर उन्हें समाज सेतु अलंकरण से विभूषित किया, जो विद्यापीठ एवं सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए गौरव की अनुभूति है। मिलिट्री की सभी विंग का कार्य अदभुत और प्रेरणीय है। उसमे भी एयर विंग भारतीय रक्षा प्रणाली को वास्तविक मायने में पंख लगाने का कार्य करती है।

# मोबाइल लूटने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** अम्बामाता थाना पुलिस ने मोबाईल लूट की वारदात करने वाले को गिरफ्तार किया है। 26 जुलाई को पीडित सुरेश कल्याणा निवासी हरिजन बस्ती अम्बामाता ने रिपोर्ट दी । उसने बताया कि रात में रानी रोड़ घुमता हुआ वापस घर लौट रहा था। जहां रानी विलेज होटल के सामने आए बाइक सवार तीन बदमाश मेरे हाथ से मोबाईल छिन ले गए। इसस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश बोरीवाल के सुपरविजन में अम्बामाता थानाधिकारी डॉ.हनवंतसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में एएसआई नरेन्द्रसिंह मय टीम ने लूट के आरोपी की पहचान शेखर गांछा, तरूण शर्मा व शेखरदास केरूप में पहचान कर आरोपी शेखरदास निवासी मसारी जिला सितामणी बिहार हॉल भोई वाड़ा खेमपुरा प्रतापनगर को गिरफ्तार किया।

## जेल में योग शिविर शुरू

**उदयपुर, (कासं)।** केन्द्रीय कारागृह उदयपुर में सात दिवसीय ध्यान योग शिविर का शुभारंभ शनिवार को जेल में किया गया। केन्द्रीय कारागृह अधीक्षक उदयपुर राजपालसिंह ने बताया कि बंदियों को योग एवं ध्यान में माध्यम से मानसिंक शांति मिले एवं शरीर निरोग रहे इसके लिए सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया है। इसके माध्यम से बंदी गलत कार्यो एवं अपराध से दूर रहेंगे।


**DIRECTOR OF RESEARCH**
Maharana Pratap University of Agriculture & Technology, Udaipur
Phone No. 2417334 (O), Fax No. 0294-2420447 Email: dormpuat@gmail.com
No. MPUAT/DR/Open Tender/2024-25/1572 Dated 26.07.2024
**NIT No. : DOR/NIT/2024-25/14**
Sealed offline bids are invited upto **12.30 PM of August 5, 2024** respect of the following tenders/bids: (i) Bid No. DOR, **"Contractual Agriculture related work in different Projects"** Details may be seen in the Bidding Document at our office or on our websites www.mpuat.ac.in or the website of State Public Procurement Portal website www.sppp.rajasthan.gov.in or state c-procurement website and may be obtained or downloaded on payment of Rs. 500/- in cash/ demand draft/online.
Director Research, MPUAT, Udaipur

**DIRECTORATE OF RESEARCH**
Maharana Pratap University of Agriculture & Technology, Udaipur
No. MPUAT/DR/2024/1584 Dated 26.07.2024
**ADVERTISEMENT FOR RECRUITMENT**
A walk-in-Interview to engage contractual Senior Research Fellow / Young Professional I & II/Contractual Staff/Agromet Observer / Technician Staff in the Research Projects as per the advertisement given on University website http://mpuat.ac.in will be held at **DOR, Udaipur** on **02.08.2024** at **10:30 AM**. The engagement shall be purely on contractual basis and can be terminated at any time without any notice. The details of advertisement for essential qualification etc. have also been put up on website
Director Research

प्रारूप-10 ( नियम-6 ( 7 ) देखिए )
**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद, राजसमन्द**
सं.2215 **लोक-सूचना** दिनांक :25/7/2024

श्री प्रफुलचन्द्र बडोला पिता श्री भंवरलाल बडोला निवासी राजनगर तहसील व जिला राजसमन्द द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र.स. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजसमन्द | धोईन्दा | 370/2 | रकबा 0.1295 हैक्टेयरभूमि में से 0.0543हैक्टेयर भूमिकावाणिज्यिकप्रयोजनार्था |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ........ को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, राजसमन्द


# जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक बैठक

**उदयपुर, (कासं)।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक शनिवार को जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में जिला परिषद सभागार में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर बामणिया के सान्निध्य में हुई। इसमें डिप्टी सीएमएचओ, एडिशनल सीएमएचओ, डीडीडब्ल्यू, एसएमओ डब्ल्यूएचओ, डीपीएम, यूपीएम, बीसीएमओ, बीपीएम, एनसीडी नोडल, डीएनओ और जिले के सभी सीएचसी प्रभारी ने भाग लिया।

सीएमएचओ डॉ बामनिया ने बताया कि बैठक में मौसमी बीमारियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने पोपल्टी जैसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो इसके लिए विशेष सतर्कता बरतने पर जोर दिया। जल जनित बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को जागृत करने तथा दूषित पानी का ट्रीटमेंट करने की आवश्यकता जताई। गांव में पीने के पानी के सैंपल टेस्ट के लिए भिजवाने, इकट्ठा हुए पानी में एमएलओ औरटेमीस करने, तथा कहीं भी अनहोनी घटना होने पर तुरंत प्रभाव से जिला स्तर को सूचित करने के भी निर्देश दिए। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रागिनी अग्रवाल ने बताया कि ई केवाईसी द्वारा बनाए गए आयुष्मान भारत कार्ड बनाने में कोटडा,गोगुंदा और गिर्वा और वितरण में कानोड, फतेह नगर और खेरवाडा की प्रगति कम पाई गई है। इस पर विशेष ज्ञान देने के लिए कहा गया। अन्य क्षेत्रों में वितरण कार्य संतोषजनक पाया गया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत आरनिया,**
**पंचायत समिति लसाड़िया, जिला-सलुम्बर ( राज. )**

क्रमांक:-ग्रा./प./आर./प22 दिनांक-22.07.2024

**-: ई निविदा सूचना-01/2024-25:-**

ग्राम पंचायत आरनिया में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 04.08.2024 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

**UBN No. 1.ZUD2425GLOB00293**

| सरपंच | ग्राम विकास अधिकारी |
|---|---|
| ग्राम पंचायत आरनिया<br>पंचायत समिति लसाडिया<br>जिला-सलुम्बर( राज.) | ग्राम पंचायत आरनिया<br>पंचायत समिति लसाडिया<br>जिला-सलुम्बर( राज.) |

**कार्यालय ग्राम पंचायत बलीचा,**
**पंचायत समिति लसाड़िया, जिला-सलुम्बर ( राज. )**

क्रमांक:-ग्रा./प./बलिचा/09 दिनांक-22.07.2024

**-: ई निविदा सूचना-01/2024-25:-**

ग्राम पंचायत बलीचा में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 04.08.2024 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

**UBN No.1. ZUD2425GLOB00297**

| सरपंच | ग्राम विकास अधिकारी |
|---|---|
| ग्राम पंचायत बलीचा<br>पंचायत समिति लसाडिया<br>जिला-सलुम्बर( राज.) | ग्राम पंचायत बलीचा<br>पंचायत समिति लसाडिया<br>जिला-सलुम्बर( राज.) |

**कार्यालय ग्राम पंचायत धावड़ी,**
**पंचायत समिति लसाड़िया, जिला-सलुम्बर ( राज. )**

क्रमांक:-98 दिनांक-22.07.2024

**-: ई निविदा सूचना-01/2024-25:-**

ग्राम पंचायत धावड़ी में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 04.08.2024 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

**UBN No.1. ZUD2425GLOB00300**

| सरपंच | ग्राम विकास अधिकारी |
|---|---|
| ग्राम पंचायत धावड़ी<br>पंचायत समिति लसाडिया<br>जिला-सलुम्बर( राज.) | ग्राम पंचायत धावड़ी<br>पंचायत समिति लसाडिया<br>जिला-सलुम्बर( राज.) |

**कार्यालय ग्राम पंचायत ढ़िकिया,**
**पंचायत समिति लसाड़िया, जिला-सलुम्बर ( राज. )**

क्रमांक:-ग्रा.प.ढी./2024-25/30 दिनांक-23.07.2024

**-: ई निविदा सूचना-01/2024-25:-**

ग्राम पंचायत ढ़िकिया में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 04.08.2024 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

**UBN No.1. ZUD2425GLRC00304**

| सरपंच | ग्राम विकास अधिकारी |
|---|---|
| ग्राम पंचायत ढ़िकिया<br>पंचायत समिति लसाडिया<br>जिला-सलुम्बर( राज.) | ग्राम पंचायत ढ़िकिया<br>पंचायत समिति लसाडिया<br>जिला-सलुम्बर( राज.) |

**कार्यालय ग्राम पंचायत कठार,**
**पंचायत समिति बड़गांव, जिला-उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक:-46 दिनांक-16.07.24

**-: ई निविदा सूचना-01/2024-25:-**

ग्राम पंचायत कठार में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 01.08.2024 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

**UBN No ZUD2425GLOB00260**

| सरपंच | ग्राम विकास अधिकारी |
|---|---|
| ग्राम पंचायत कठार<br>पंचायत समिति बड़गांव<br>जिला-उदयपुर ( राज. ) | ग्राम पंचायत कठार<br>पंचायत समिति बड़गांव<br>जिला-उदयपुर ( राज. ) |

**कार्यालय ग्राम पंचायत मोतीदा,**
**पंचायत समिति भीण्डर, जिला-उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक:-ग्रा.प.मो/निविदा/2024-25/12 दिनांक-19.07.24

**-: ई निविदा सूचना-01/2024-25:-**

ग्राम पंचायत मोतीदा में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 30.07.2024 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

**UBN No ZUD2425GLOB00206**

| सरपंच | ग्राम विकास अधिकारी |
|---|---|
| ग्राम पंचायत मोतीदा<br>पंचायत समिति भीण्डर<br>जिला-उदयपुर ( राज. ) | ग्राम पंचायत मोतीदा<br>पंचायत समिति भीण्डर<br>जिला-उदयपुर ( राज. ) |

**कार्यालय ग्राम पंचायत सेमड़,**
**पंचायत समिति सायरा, जिला-उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक:-ग्रा.प./सेमड़/2024-25/36 दिनांक-22.07.24

**-: ई निविदा सूचना-01/2024-25:-**

ग्राम पंचायत सेमड़ में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 01.08.2024 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

**UBN No ZUD2425GLRC00216**

| सरपंच | ग्राम विकास अधिकारी |
|---|---|
| ग्राम पंचायत सेमड़<br>पंचायत समिति सायरा<br>जिला-उदयपुर ( राज. ) | ग्राम पंचायत सेमड़<br>पंचायत समिति सायरा<br>जिला-उदयपुर ( राज. ) |

**कार्यालय ग्राम पंचायत टेकण ,**
**पंचायत समिति लसाड़िया, जिला-सलुम्बर ( राज. )**

क्रमांक:-104 दिनांक-22.07.2024

**-: ई निविदा सूचना-01/2024-25:-**

ग्राम पंचायत टेकण में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 04.08.2024 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

**UBN No 1. ZUD2425GLOB00302**

| सरपंच | ग्राम विकास अधिकारी |
|---|---|
| ग्राम पंचायत टेकण<br>पंचायत समिति लसाडिया<br>जिला-सलुम्बर( राज.) | ग्राम पंचायत टेकण<br>पंचायत समिति लसाडिया<br>जिला-सलुम्बर( राज.) |

# ‘एलिवेटेड रोड के नाम पर उदयपुर की जनता को गुमराह कर रही भाजपा’

## पूर्व पार्षद ने पत्रकारों के समक्ष रखी बात, कहा डीपीआर बनाकर लाखों खर्च किए जा रहे



उदयपुर के नगर निगम में पूर्व पार्षद व कांग्रेसी नेता अजय पोरवाल पत्रकारों को संबोधित करते हुए।

■ उदयपुर की जनता के करोड़ों रूपये विकास के नाम पर डुबाया गए : अजय पोरवाल

**उदयपुर, (कासं)।** ‘एलिवेटेड रोड के नाम पर भाजपा शहर को गुमराह कर रही है। वहीं वर्ष 2008 से शहर में एलिवेटेड रोड़ के नाम पर डीपीआर बनाकर लाखों रूपए खर्च किए जा रहे है बल्कि एलिवेटेड रोड अब तक नहीं बन पाई है और अब निगम चुनाव आने वाले है तो शहर की जनता को भ्रमित किया जा रहा है।’

यह बात पूर्व पार्षद अजय पोरवाल ने पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कही। उन्होंने कहा कि नगर निगम एलिवेटेड रोड के पक्ष में केस जीती तो भाजपा के ही निगम में उप महापौर पारस सिंघवी इस एलिवेटेड रोड का विरोध करने लगे। इसका कारण यह है कि नगर निगम ने पिछले सालों में स्मार्ट सिटी, हॉस्पीटल के बाहर वे ब्रिज, टाउनहॉल में हाथी वाला पार्क की पार्किंग, सूरजपोल चौराहे पर मैकेनाईज्ड पार्किंग और सूरजपोल का चप्पल चौराहा, हिरणमंगरी की स्मार्ट रोड, गोवर्धन विलास स्मार्ट रोड, उदयपुर के वरिष्ठ इंजीनियर महापौर जीएस टांक के निर्देशन में बने प्रतापनगर, सेवाश्रम और कुम्हारों का भट्टे का ओवर ब्रिज , सभी फेल हो गए है। उदयपुर की जनता के करोडों रूपयों को विकास के नाम पर डुबाया गया है।

एलिवेटेड रोड को लेकर पूर्व यूआईटी चैयरमेन शिवकिशोर सनाढ्य ने वर्ष 2008 में डीपीआर बनाई, जिसमें लाखों रूपए खर्च किए गए। पहले इस रोड को सिटी स्टेशन से कोर्ट चौराहे तक बनाने की योजना थी पर डीपीआर में इस एलिवेटेड रोड को उदियापोल से शुरू कर कोर्ट चौराहे तक बनाना प्रस्तावित कर दिया। लाखों रूपए खर्च कर बनाई यह डीपीआर रिपोर्ट कागजों में खो गई और इस पर किसी ने भी चर्चा नहीं की। दूसरी बार वर्ष 2014 में इसी भाजपा ने एलिवेटेड रोड को लेकर एल एन टी कम्पनी से डीपीआर बनवाई, जिसमें भी लाखों रूपए खर्च किए। इस डीपीआर के विरोध में भाजपा समर्थित व्यापारी उच्च न्यायालय की शरण में चले गए और स्टे लेकर आ गए। इसके बाद यह मुद्दा भी ठंडे बस्ते में चला गया। तीसरी बार भाजपा के वरिष्ठ नेता गुलाबचंद कटारिया केन्द्र सरकार के परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी से 400 करोड रूपए की स्वीकृति ले आए और एनएचएआई ने लाखों रूपए खर्च कर एलिवेटेड रोड की डीपीआर बनाई पर इसमें भी तकनीकी कारण बताते हुए रिजेक्ट कर दिया गया।

अब चौथी बार निगम के भाजपा बोर्ड ने लाखों रूपए खर्च कर अहमदाबाद की किसी ऐजेन्सी से एक फिर से डीपीआर बनवाकर उच्च न्यायालय में पेश किया और एलिवेटेड रोड के बनाने के पक्ष में फैसला लेकर आए।

पोरवाल ने कहा कि मेरा मानना है कि ये सब मुद्दे नगर निगम के आने वाले चुनाव में जनता भाजपा का विरोध नहीं करे इसके लिए अब फिर से एलिवेटेड रोड का मुद्दा लाया गया है। इसमें भाजपा का ही एक पक्ष इसका विरोध कर रहा है और दूसरा पक्ष समर्थन कर रहा है और जनता को बेवकूफ बनाया जा रहा है। उप महापौर भी स्मार्ट सिटी की कम्पनी का सदस्य होता है पहले विरोध क्यों नहीं किया, विधायक बनने का सपना था, पार्टी ने दूसरे को मौका दे दिया तो विरोध शुरू कर दिया । जनता की इतनी ही चिंता थी तो उस समय ही विरोध करते जब बन रहा था ,बनने के बाद विरोध करना पारस सिंघवी की स्वार्थसिद्धि की मानसिकता को साबित करता है।

# मृत शिक्षक का नहीं हुआ पोस्टमार्टम

## हत्या के आरोपी का शव ले गए परिजन

■ मृत शिक्षक के परिजनों को मुआवजा दिलाने डटा समाज

**उदयपुर, (कासं)।** सलूम्बर जिले के जावर माइंस थाना इलाके में स्थित अद्वास गांव शिक्षक शंकर मेघवाल की हुई नृशंस हत्या को ले कर पीडित परिवार को सरकार की मदद मिलने और अन्य मांगों को लेकर समाजजन उदयपुर के एमबी अस्पताल की मोर्चरी में अभी भी जुटे हुए हैं और कहा कि जब तक मांगे पूरी नहीं होगी नहीं हटेंगे और आंदोलन को बडा रूप देंगे। एक बैठक प्रशासन के साथ भी हुई लेकिन सदस्यों का कहना है कि बात नहीं बनी है।

उनकी शंकर के परिवारजनों को मुआवजा और नौकरी को लेकर अभी बात नहीं बनी है जिसके कारण शंकर का शव अभी भी मोर्चरी में रखा है । इधर हत्यारे फतेह सिंह का पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। शाम करीब पौने पांच बजे फतह सिंह के रिश्तेदार यहां आए और शव का पोस्टमार्टम कराने की पूरी प्रक्रियां कराने के बाद उसका शव गांव ले गए। शिक्षक के परिवार को न्याय दिलाने के लिए समाज के लोग आंदोलनरत हैं और कहा है कि जब तक उसको मुआवजा और मृतक के परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी नहीं मिलती तब तक उसका पोस्टमॉर्टम नहीं होने देंगे। इस बीच संभागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट, आईजी अजयपाल लांबा और सलूंबर कलेक्टर जसमीत सिंह संधु के साथ मांगों को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक भी हुई लेकिन सहमति एमबी अस्पताल में समाजजन बडी संख्या में जुटे हुए है और उन्होंने मोर्चरी के बाहर की तरफ ही डेरा डाल रखा है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात कर रखा है। इस मामले में बीती शाम को इस तरह की समझाइश का कोई परिणाम नहीं निकला।

प्रदर्शन करने वालों ने केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, सलूंबर विधायक के खिलाफ भी नारेबाजी की। इधर गुजरात के विधायक जिग्नेश मेवाणी ने एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि सलूंबर जिले में असामाजिक तत्वों द्वारा एक दलित शिक्षक पर तलवार से हमला करने के मामले में इस परिवार को कई दिनों से धमकियां दी जा रही थी और मामला पुलिस के संज्ञान में भी था लेकिन परिवार को कोई सुरक्षा नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि यह दिल दहला देने वाली घटना पुलिस और प्रशासन की विफलता को उजागर करता है। राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मांग है कि वह कुछ ऐसे कदम उठाए जिससे पूरे प्रदेश के दलितों को उनकी सरकार पर सुरक्षा देने के लिए भरोसा कायम हो। हत्या को लेकर परिजन और समाज में रोष व्याप्त है और वे एमबी अस्पताल की मोर्चरी के बाहर परिजनों को एक करोड रूपये मुआवजा देने, अनुकम्पा नौकरी के अलावा मृतक के दो परिजनों को सरकारी नौकरी देने तथा पीडित परिवार को हथियार का लाइसेंस देने की मांग कर रहे है।धरना स्थल पर भीम सेना के गीगराज-जयपुर, रवि मेघवाल-नागौर,धर्मेन्द्र खटीक-नीम का थाना डटे हुए है।मृतक शंकरलाल के पत्नी के अलावा 3 बच्चे हैं। इसमें 2 साल का बेट 5 और 9 साल की बेटियां हैं।

गुरुवार रात को टीचर शंकरलाल मेघवाल (40) की उसके दोस्त फतह सिंह (30) ने गला काटकर हत्या कर दी थी। इस दौरान बेटे को बचाने आए पिता डालचंद मेघवाल (60) पर भी हमलावर ने ताबडतोड वार किए। हमले में पिता का हाथ कट गया। उनका उदयपुर के एमबी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। शाम को जंगल में आरोपी फतह सिंह ने भी जंगल में खुद के गले में तलवार लगा दी। खून से लथपथ फतह सिंह के नजदीक पहुंची पुलिस ने उसे लालच देकर पास बुलाया और अस्पताल लेकर आए लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। टीचर की हत्या के पीछे जादू टोना को कारण बताया जा रहा है।

# बासना गांव के बांध में डूबने से भाई-बहन की मौत

■ ग्रामीणों ने डूबे भाई-बहन को पानी से बाहर निकाला

**भानपुर कलां, (निसं)।** बासना गांव स्थित पानी से भरे बांध में डूबने से शनिवार को भाई-बहन की मौत हो गई। बांध में दोनों के डूबने की सूचना के बाद आसपास के ग्रामीण एकत्रित हो गए व डूबे भाई-बहन को पानी से बाहर निकाला।

जानकारी के अनुसार टोडामीणा के मानतवाल की ढाणी निवासी 13 साल की मुस्कान व 10 वर्षीय विशाल पुत्र शंकरलाल मीना बासना गांव की सीमा पर बने बांध के पास चरागाह भूमि पर चर रही भैंस को लेने स्कूल के बाद गए थे। इस दौरान भैंस बांध में भरे करीब 6 फीट गहरे पानी में चली गई। भैंसों को निकलने के लिए पानी में उतरे विशाल व 13 वर्षीय मुस्कान की मौत हो गई। इस दौरान मौके पर मौजूद अन्य बच्चों ने भाग कर पास ही ढाणी वासियों को बताया।

सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों व ग्रामीणों ने बांध में उतर कर पानी में डूबे दोनों बच्चों की तलाश की। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने दोनों को बांध से बाहर निकाला व निम्स अस्पताल ले गए। निम्स में चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना के करीब 2 घण्टे बाद जमवारामगढ़ थानाधिकारी हरदयाल मीणा ने भी घटनास्थल का मौका मुआवना किया। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों मृतक पांच भाई-बहनों में सबसे छोटे है। मृतक बच्चों के माता-पिता मेहनत मजदूरी कर अपना गुजरा करते हैं।

## युवक ने की आत्महत्या

**टोंक, (निसं)।** पुरानी टोंक थाना क्षेत्र के दाईयों की गली मियाओ का चौक निवासी एक 39 वर्षीय युवक ने कमरे में लगे बिजली के तारों से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

थानाधिकारी उदसवीर सिंह ने बताया कि 27 जुलाई को प्रात: 9.30 बजे सूचना मिली, जहां मौके पर थाना पुलिस पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। मृतक का नाम रईस मोहम्मद पुत्र मसरूदीन उम्र 39 वर्ष बताया गया है। मौके पर एफएसएल टीम को बुलाया गया, बाद पोस्टमार्टम के शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। सूत्रों के अनुसार मृतक डिप्रेशन का शिकार बताया गया है।

# राजस्थान वि.वि. में पीजी फर्स्ट सेमेस्टर की पहली वरीयता सूची जारी

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय में पीजी फर्स्ट सेमेस्टर सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए शनिवार को पहली वरीयता सूची जारी की गई। वरीयता सूची में शामिल पात्र छात्रों को 29 से 31 जुलाई के बीच दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन कराना होगा। साथ ही 1 अगस्त तक छात्र अपनी फीस ऑनलाइन जमा करा सकेंगे।

यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान पोस्ट ग्रेजुएट एडमिशन टेस्ट 2024 में सफल रहे छात्रों की पहली वरीयता सूची जारी की गई। एडमिशन कन्वीनर प्रो. राम अवतार शर्मा ने बताया कि वरीयता सूची में शामिल होने वाले छात्रों को अपनी एबीसी आईडी बनानी होगी। इसके बाद 29 से 31 जुलाई के बीच छात्र अपने दस्तावेजों का सत्यापन करा सकेंगे। वहीं, छात्र विश्वविद्यालय की ऑफिशल वेबसाइट पर 29 जुलाई से 1 अगस्त तक ऑनलाइन फीस जमा करा सकेंगे।

उन्होंने बताया कि छात्र को अगर प्रवेश संबंधित किसी भी तरह की सहायता की आवश्यकता हो तो वो संबंधित विभाग में भी संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने ये भी स्पष्ट किया कि जो छात्र तय समय पर फीस जमा नहीं कराएंगे, उनका एडमिशन स्वत: निरस्त माना जाएगा। विश्वविद्यालय की ओर से ऑफिशल वेबसाइट पर विषय वार एडमिशन लिस्ट अपलोड कर दी गई है। छात्र विषयावर लिस्ट पर क्लिक कर अपना एडमिशन सुनिश्चित कर सकते हैं।

उधर, विश्वविद्यालय के पीजी थर्ड सेमेस्टर लॉ बी लिब, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट कोर्स और यूजी थर्ड ईयर के रीएडमिशन का शुल्क जमा कराने के लिए तीन दिन का समय और दिया गया है। अब ये शुल्क 29 से 31 जुलाई तक जमा करवाया जा सकेगा। एडमिशन कन्वीनर ने स्पष्ट किया कि छात्रों के लिए रीएडमिशन शुल्क जमा कराने का ये अंतिम मौका होगा। 31 जुलाई के बाद विद्यार्थियों को कोई अवसर नहीं दिया जाएगा। इसके साथ ही मेरिट आधारित बी लिब डिप्लोमा, सर्टिफिकेट कोर्सेज की पहली सूची 2 अगस्त को जारी की जाएगी। इसके बाद छात्रों को 3 और 5 अगस्त को दस्तावेज सत्यापन कराने होंगे। वहीं, छात्र 6 अगस्त तक अपनी फीस ऑनलाइन जमा करा सकेंगे।

# कृषि के बाद टैक्सटाइल उद्योग सबसे बड़ा रोजगार देने वाला क्षेत्र : गिरीराज सिंह

## ‘जोधपुर बड़ा सेंटर है होने से यहां हैण्डीक्राफ्ट, हैण्डलूम और टैक्सटाइल के बहुत आसार’

**जोधपुर, (कासं)।** केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरीराज सिंह ने कहा कि कृषि के बाद रोजगार देने वाला क्षेत्र है तो वह टैक्सटाइल हैण्डलूम और हैण्डक्राफ्ट है। जोधपुर एक बहुत बड़ा सेंटर है। हैण्डीक्राफ्ट, हैण्डलूम और टैक्सटाइल के बहुत आसार यहां है। भारत सरकार हर क्षेत्र में नए- नए विकास कर रही है। राजस्थान में भी जितना हो सकेगा उसमें कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

वे आज जोधपुर प्रवास पर कई कार्यक्रमों में भाग लेने आए और यहां एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने पत्रकारों के सवाल पर कहा कि देश में बढ़ती आबादी से आज भारत पूरे विश्व का पहली आबादी वाला देश बन गया है। यह मेरे लिए अवसर भी है और चुनौती भी है। आने वाले समय में भारत बीस प्रतिशत आबादी वाला देश होगा, मगर हमारे पास मात्र 4 प्रतिशत जमीन है। दो ढाई प्रतिशत पानी है। इसलिए इस पर अब कोई कानून बनना चाहिए। उन्होंने कहा- निश्चित रूप से इस पर सडक़ से लेकर संसद तक बहस होनी चाहिए।

**एयरपोर्ट पर भाजपा नेताओं ने किया अभिनंदन :-** केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरीराज सिंह के जोधपुर पहुंचने पर यहां एयरपोर्ट पर भाजपा के कई नेताओं ने उनकी अगवानी करने साथ दुपट्टा पहिना कर स्वागत और अभिनंदन किया। एयरपोर्ट पर जै श्रीराम के नारे भी गूंज उठे। भाजपा के राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, स्थानीय विधायकों सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता एयरपोर्ट पर मौजूद रहे।

## दुकान का ताला तोड़कर चोरी की

**मकराना, (निसं)।** शहर में टंकी चौराहे पर स्थित एक कपड़े और शूज की दुकान के शटर का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। चोर दुकान से करीब 40 हजार रुपए के जूते और कपड़े चोरी कर ले गए हैं।

सूचना मिलने पुलिस भी मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया।शहर के मिनारा मस्जिद निवासी शहजाद अली पुत्र अब्दुल सत्तार तेली ने बताया कि टंकी चौराहे पर उसकी कपड़े और जूतों की दुकान है। रोजाना की तरह गुरुवार रात को वह अपनी दुकान बंद कर घर चला गया। सुबह पड़ोस के दुकानदार ने फोन कर बताया कि उसकी दुकान का शटर टूटा हुआ हैं। जिसके बाद वो तुंरत दुकान पहुंचा तो देखा दुकान का शटर बाहर की ओर मोड़कर तोड़ा हुआ था और दुकान के अंदर कपड़े जूते बिखरे पड़े थे। उसने बताया कि चोर उसकी दुकान से करीब 40 हजार रुपए के टी शर्ट, पाजामे, शर्ट, जीन्स, कपड़े और चप्पल आदि चोरी कर ले गए। जिसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। मकराना थाना के हेड कॉन्स्टेबल सुरेश मीणा ने दुकान का मौका मुआयना किया। दुकानदार शहजाद ने पुलिस को चोरों के खिलाफ परिवाद हैं। थानाधिकारी राजेश कुमार ने बताया की मामले की जांच जारी है।

# स्कूटी सवार बदमाशों ने युवक से छीना मोबाइल

**अजमेर, (कासं)।** अलवर गेट थाना क्षेत्र में शातिर दो स्कूटी सवार बदमाशों ने एक युवक से मोबाइल छीन कर फरार हो गए। पीड़ित युवक ने थाने में बदमाश युवकों के खिलाफ शिकायत दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

अलवर गेट थाना पुलिस के अनुसार नाका मदार गांधी नगर निवासी भानू जैन ने अलवर गेट थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। पीड़ित युवक ने पुलिस को बताया कि गुलाब बाड़ी क्षेत्र में सड़क क्रॉस करते समय स्कूटी पर सवार दो युवक आए और हाथ से मोबाइल छीन कर फरार हो गए। जैन ने बदमाशों का पीछा किया लेकिन वह उसके हाथ नहीं आए । पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर क्षेत्र में लगे सीसी टीवी कैमरे खंगाल रही है।

**बाइक सवार युवक को हार्न बजाना पड़ा महंगा :-** गंज पुलिस थाना इलाके में स्थित कमला बावडी चैहारा के पास बीती रात एक युवक को बीच रास्ते में खडे 10-15 लड़कों को हटाने के लिए बाइक का हार्न बजाना महंगा पड़ गया, क्योंकि चैराहे पर खडे पर 10-15 युवकों ने बाइक सवार रितिक जाटव द्वारा हार्न बजाना नागवार गुजरा ओर युवकों ने रितिक के साथ बेहरमी से मारपीट कर दी। सूचना मिलते ही रितिक के जीजा मनमोहन जाटव बीच-बचाव करने पहुंचाए तो युवकों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी। देर रात जाटव के समर्थन सैंकडों युवा गंज पुलिस थाने पहुंचे और रिपोर्ट लिखवाने की कार्यवाही करते हुए नजर आए।

## युवक ने आत्महत्या की

**बूंदी (निसं)।** ऑनलाइन गेम खेलने की लत के शिकार एक युवक ने ट्रेन के आगे आकर आत्महत्या कर ली। ट्रेन की टक्कर से युवक का सिर क्षत-विक्षत हो गया था। सदर थाना पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया। पुलिस ने बताया कि युवक परिजनों द्वारा मोबाइल पर अधिक समय तक गेम खेलने से टोकने पर नाराज था। सदर थाने के एएसआई जितेन्द्र ने बताया कि बूंदी-चित्तौड़ रेलवे लाइन की सिलोर पुलिया से एक कि.मी आगे युवक का शव पटरियों के पास पड़े होने सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचे तो एक युवक का शव नजर आया। ट्रेन की टक्कर से युवक का सिर क्षत-विक्षत हो गया था। मोबाइल व अन्य साधनों से युवक की पहचान नैनवां रोड संजय कॉलोनी निवासी 21 वर्षीय रोहित मीणा पुत्र रामदेव के रूप में हुई है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा हैं। युवक ऑनलाइन गेम खेलने की लत का शिकार था। इसे लेकर परिजनों ने उसे टोका, जिससे नाराज होकर उसने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली।

## उपकारागृह का औचक निरीक्षण

**छबड़ा (निसं)।** डीएसपी जेपी अटल के नेतृत्व में शनिवार सुबह उप कारागृह का औचक निरीक्षण किया गया। यहां बंदी बैरिक, रसो घर, शौचालय, स्नानघर आदि की सघन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान यहां किसी भी प्रकार की कोई निषेध सामग्री की बरामदगी नहीं हुई। यहां उप कारापाल सुरेंद्रसिंह सिसोदिया व एएसआई संपतराज भी उपस्थित थे।

# नशे की लत पूरी करने के लिए चोरी करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर।** हरमाड़ा थाना पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से लाखों रुपए का माल बरामद किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपित नशे का आदी है। नशा नहीं मिलने पर चोरी करता है। उसे खुद नहीं पता अब तक कितनी वारदात को अंजाम दे चुका है। चोरी का सामान बाजार में बेचकर स्मैक खरीदकर नशा करता है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार बुडानिया ने बताया कि दौलतपुरा रोड पर विजय नगर विस्तार में रहने वाली कुसुम कंवर 18 जुलाई को हरमाडा थाने पहुंची। बताया कि 15 जुलाई को अज्ञात बदमाश ने मकान का ताला तोड कर नकदी व गहने चोरी कर लिए। इस पर हरमाड़ा थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। विशेष टीम लगाई गई। टीम ने जयपुर शहर में हो रही चोरी व नकबजनी की वारदातों पर काम करना शुरू किया।

इससे पुलिस को पता चल गया कि वारदात करने वाला बदमाश आदतन अपराधी है। इस पर पुलिस टीम ने चोरी करने वाले बदमाशों की सूची तैयार की। टीम ने पीड़िता के घर के आसपास लगे हुए सीसीटीवी कैमरों को चैक किया। संदिग्ध को चिह्नित कर उसके आने जाने के रास्ते को चिह्नित किया गया। इस दौरान रास्ते में लगे सैकड़ों सीसीटीवी कैमरे चौक किए गए। सीसीटीवी में आ रहे हुलिए के अनुसार आरोपित मनीष स्वामी उर्फ मन्नू उर्फ मन्या निवासी शास्त्रीनगर हाल हरमाड़ा जयपुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपित से चोरी किया गया कुछ माल भी बरामद हो गया। पुलिस पूछताछ में आरोपित से बताया कि वह नशे का आदि है। नशा करने के लिए वह कुछ भी चोरी कर लेता है। उसके कुछ अन्य साथी हैं। जो लोग चोरी की वारदात करते हैं। पुलिस उनकी भी तलाश में लग गई है।

# लूट मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**रावतभाटा, (निसं)।** पारसोली थाना क्षेत्र के राजगढ़ रेलवे फाटक के पास से गत बुधवार को अज्ञात बदमाशों द्वारा ट्रैक्टर ट्रॉली लूट के मामले का खुलासा करते हुए पारसोली थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लूटी गई ट्रैक्टर व ट्रॉली बरामद की है। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को व्यास जी का बड़ला पुलिस थाना मंगरोप जिला भीलवाडा निवासी शिवलाल पुत्र देवीलाल मीणा अपने गांव से ट्रैक्टर ट्रॉली में अनाज लेकर पालका गांव में खाली करने गया जो खाली करके पुन: लौट रहा था। रास्ते में राजगढ रेलवे फाटक पर शराब की दुकान के पास तीन अज्ञात लोगो ने ट्रेक्टर को रुकवा लिया और उसके साथ जोर जबरदस्ती कर ट्रेक्टर-ट्रोली को लूटकर ले गए। जिस पर थाना पारसोली पर लूट का प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

घटना में लुटे गए ट्रैक्टर व ट्रॉली की तलाश व आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रावतभाटा भगवत सिंह हींगड व पुलिस उपाधीक्षक बेगूं अंजली सिंह के निर्देशन में थानाधिकारी पारसोली प्रेम सिंह उपनिरीक्षक के नेतृत्व में थाने के सहायक पुलिस उपनिरीक्षक भवानी सिह, कानि. बाबूलाल, गिर्राज व गिरधारी लाल द्वारा मामले में आरोपी बल्दरखा पुलिस थाना बस्सी निवासी 28 वर्षीय रतनलाल पुत्र उदयलाल मीणा को गिरफतार किया जाकर बापर्दा रखा गया है। आरोपी के कब्जे से ट्रेक्टर मय ट्रोली व घटना में प्रयुक्त मोटरसाकिल को बरामद किया।

# रावतभाटा में बारिश का दौर जारी

**रावतभाटा, (निसं)।** रावतभाटा उपखंड क्षेत्र के नगर एवं ग्रामीण अंचल में इन्द्रदेव मेहबान हुए। क्षेत्र में तेज बारिश का दौर शुक्रवार रात्रि से शनिवार रात्रि तक जारी रहा। बारिश होने के बाद ठंडी हवाएं चलने से तापमान में काफी कमी आ गई। इससे मौसम सुहाना हो गया। विशेषज्ञों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ से मौसम में आए बदलाव का फायदा क दिन तक मिलेगा। जिले का औसत तापमान न्यूनतम 26 और अधिकतम 30 डिग्री सेल्सियस रहा। शहर में क क्षेत्रों में अच्छी बारिश भी हुई। इससे जलभराव की स्थिति भी देखने को मिली। 2 दिन से चल रही तेज बारिश से नगर की सड़क पुलिया, छोटे-बडे नाले एवं ग्रामीण क्षेत्र में स्थित तालाब, बावडीयां, छोटे नाले, पुलिया पर पानी उफान पर बहने लगा। बारिश के दौर से किसानों ने राहत की सांस ली।

रावतभाटा तहसील क्षेत्र एंव ग्रामीण अंचल क्षेत्र में शनिवार को सुबह से काली घटाएं छायी रही। प्रात: से सायं तक रूक-रूक कर मुसलाधार एंव तेज हवा के साथ आए पानी से लोगों ने वर्शा का मजा लेते हुए लोगों ने पिकनिक, तीर्थस्थलों आदि जगहों पर आन्नद उठाया। अपरान्ह से उमड़ रही काली घटाओं एंव तेज हवा के साथ सबसे तेज वर्शा आने लगीं। जो रात्रि तक जारी रही। षानिवार अपरान्ह एंव सांय तेज हवा के साथ आई बारिष से दिन में रात जैसा एहसास होने लगा। तहसील क्षेत्र मे तेज हवा के साथ बरसात आने से कई छोटे-बड़े नाले उफान पर बह निकले एंव सडकों में पडे गडड्ों की वजह से दुपहिया वाहनों वालो को चलाने में दिक्कतें महसूस होने लगी एंव बड़ी गाडियां धीमि गति से चल रही थी। आकाश में काली घटा छाई एंव घुमडकर क्षेत्र में तेज मुसलाधार वर्शा हुई। वर्शा से आकाष में बिजलीयों की गडगडहाहट के बिच तेज वर्शा से आम जनजीवन रूक सा गया। इस वर्शा के साथ ही सड़को पर पानी बह निकला एवं लोगों ने ठड़क का अहसास हुआ।

# हैपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम का प्रदेश में हो रहा सुचारू संचालन

## सात माह में 3 लाख 51 हजार की स्क्रीनिंग

**जयपुर।** प्रदेश में राष्ट्रीय वायरल हैपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम का सुचारू संचालन कर हैपेटाइटिस-बी एवं सी के उन्मूलन की दिशा में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। वर्ष 2019 में प्रारम्भ किए गए इस कार्यक्रम के तहत वर्ष 2030 तक हैपेटाइटिस सी के उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है।

प्रदेश में दिसम्बर 2023 से अब तक 3 लाख 51 हजार से अधिक लोगों की हैपेटाइटिस बी एवं सी के लिए स्क्रीनिंग की गई। इनमें से 2 लाख 61 हजार से अधिक लोगों की हैपेटाइटिस-बी के लिए स्क्रीनिंग की गई। जिनमें 8 हजार 400 मरीज पॉजिटिव पाए गए। इनमें वायरल लोड के लिए पाए गए 2 हजार 892 रोगियों में 1005 रोगियों का उपचार प्रारम्भ किया गया है। इसी प्रकार इस अवधि में हैपेटाइटिस सी के लिए स्क्रीन किए गए 90 हजार से अधिक रोगियों में 2622 से अधिक रोगी हैपेटाइटिस सी के पॉजिटिव पाए गए। इनमें से वायरल लोड वाले 1542 रोगियों में से 896 उपचार योग्य रोगियों का इलाज प्रारम्भ किया गया है। इनमें से 477 रोगियों का उपचार पूर्ण हो चुका है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय वायरल हैपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हैपेटाइटिस बी, सी, ए एवं ई से होने वाली मृत्यु एवं जोखिम में कमी लाना है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के प्रबंधन के लिए राज्य स्तर पर मैनेजमेंट यूनिट संचालित की जा रही है। इस रोग के जांच एवं उपचार के लिए जयपुर, जोधपुर, उदयपुर एवं अजमेर में मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध अस्पतालों में मॉडल ट्रीटमेंट सेन्टर तथा माइक्रोबायोलॉजी विभाग में स्टेट लैब का संचालन किया जा रहा है।

प्रदेश में 35 जिला अस्पतालों में ट्रीटीमेंट सेन्टर एवं लैब संचालित की जा रही है। वर्ष 2024-25 में नए जिलों में ट्रीटमेंट सेन्टर एवं लैब प्रारम्भ करने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी जेलों, नारी निकेतन, किशोर गृह आदि में भी हैपेटाइटिस संबंधी रोगों की स्क्रीनिंग कर रोगियों का उपचार संबंधित ट्रीटमेंट सेन्टर पर किया जाता है। इसी प्रकार उच्च जोखिम वाले समूहों में भी स्क्रीनिंग एवं उपचार कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

